हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 2 अगस्त 2026

04 अब हाईब्रिड मोड से मिलेगा किसानों को उर्वरक...



07 मंदसौर मिल के पास युवक की धारधार हथियार से गला रेतकर हत्या की



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

1 जून से जिले में अब तक 431.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

गुना। गुना जिले में 01 जून से अब तक 431.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 41.0 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 1145.9 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिमी है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून से 01 अगस्त 2026 प्रातः 8:00 बजे तक गुना में 190.6 मिलीमीटर, बमौरी में 239.2, आरोन में 275.0, राघौगढ़ में 333.0, चांचौड़ा में 547.0, कुम्भराज में 661.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ में 771.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 4.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 6.0 मिमी., बमोरी में 0.0 मिमी., आरोन में 3.0 मिमी., राघौगढ़ में 0.0 मिमी., चांचौड़ा में 2.0 मिमी., कुंभराज में 6.0 एवं वर्षामापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 14.0 मिमी. वर्षा दर्ज की गई।

खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन और भंडारण में संलिप्त ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

गुना। जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को खनिज विभाग की टीम ने तहसील अंतर्गत बायपास क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान खनिज दल ने गुना बाइपास में गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा जोकि अवैध भंडारण/विक्रय के उद्देश्य से परिवहन करता पाया गया। जिसको जब्त कर कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ा कराया गया है। प्रकरण तैयार कर मध्यप्रदेश गौण खनिज नियमों के तहत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

विश्व स्काउट दिवस पर 'एक विश्व, एक स्कार्फ, एक शपथ' का आयोजन



गुना। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ, गुना द्वारा वार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को विश्व स्काउट दिवस का आयोजन जिला संघ कार्यालय पर उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ₹एक विश्व, एक स्कार्फ, एक शपथ₹ थीम पर किया गया, जिसमें स्काउट-गाइड के मूल्यों, अनुशासन, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया गया।कार्यक्रम का आयोजन भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ, गुना के पदेन अध्यक्ष एवं कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन तथा जिला मुख्य आयुक्त श्री आलोक जैन एवं जिला कमिश्नर (स्काउट) एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री समर सिंह राठौड़ के निर्देशन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल को स्काउट स्कार्फ पहनाकर की गई। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल, संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया, जिला पंचायत के श्री राजेश शर्मा तथा सहायक कमिश्नर श्री हरिदत्त शर्मा को भी स्कार्फ पहनाकर विश्व स्काउट दिवस की शुभकामनाएं दी गईं एवं स्काउट आंदोलन के उद्देश्यों से अवगत कराया गया।इस अवसर पर जिला संघ के पदाधिकारियों ने स्काउट-गाइड के नियम, प्रतिज्ञा एवं सेवा भावना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने और जनजागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंतर्गत जाटपुरा स्थित स्काउट-गाइड कार्यालय परिसर में स्काउट एवं गाइड विद्यार्थियों द्वारा श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

24 घंटे में सलाखों के पीछे पहुंचे दरिंदे, एनएच-46 के समीप की थी घटना

गैंगरेप के प्रयास के आरोपी लंगड़ाते पहुंचे पुलिस कंट्रोल रूम, पांच आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

धार्मिक स्थल से दर्शन कर लौट रहे युवक-युवती को घेरकर लूटपाट करने और युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास करने वाले बदमाशों के खिलाफ गुना पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के सख्त निर्देशन और रणनीतिक घेराबंदी के चलते पुलिस ने इस सनसनीखेज वारदात का महज 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया है। घटना में शामिल कुल 7 आरोपियों में से 5 को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दो फरार बदमाशों की धरपकड़ के लिए विशेष टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पकड़ाए गए आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल, पर्स और अन्य सामान भी बरामद कर लिया गया है। इस दौरान दो आरोपियों के पैर में प्लास्टर चढ़ा था जो लंगड़ाते हुए पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे।

पकड़े गए आरोपियों में बबलू बंजारा (23) पुत्र हीरालाल बंजारा, निवासी ग्राम बोरखेड़ा थाना धरनावदा, छोटू बंजारा (28) पुत्र मांगीलाल बंजारा, निवासी ग्राम खजरा थाना राघौगढ़, सरदार बंजारा (30) पुत्र कर्मा उर्फ करम सिंह बंजारा, निवासी ग्राम विन्याकी थाना राघौगढ़, महेंद्र बंजारा एवं (20) पुत्र गब्बा बंजारा, निवासी ग्राम बोरखेड़ा थाना धरनावदा, दिनेश बंजारा (28) पुत्र गब्बा बंजारा, निवासी ग्राम बोरखेड़ा थाना धरनावदा शामिल हैं। कड़ाई से की गई पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उनकी निशानदेही पर पीड़ितों से लूटा गया मोबाइल, पर्स और अन्य सामान बरामद कर लिया गया है। मामले में कुल 7 आरोपियों की संलिप्तता सामने आई है। गिरफ्तार 5 आरोपियों के अलावा दो आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए राघौगढ़ एसडीओपी दीपा डोडवे, धरनावदा थाना प्रभारी रूहिल शर्मा, राघौगढ़ थाना प्रभारी अजय जाट, साइबर सेल और पुलिस लाइन की विशेष टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। इसमें दिनेश बंजारा पर पूर्व में भी दुष्कर्म का मामला दर्ज है।



क्रूरता की हदें पार

घटना गुरुवार रात करीब 8 बजे की है। मूलतः कोलकाता निवासी 26 वर्षीय पीड़िता अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल से हनुमान टेकरी मंदिर से दर्शन कर एनएफएल कैंपस लौट रही थी। रिलायंस पेट्रोल पंप के पास पीछे से आए एक बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने पंक्चर होने का झांसा देकर उनकी गाड़ी रुकवा ली। जैसे ही बाइक रुकी, बदमाशों ने चाबी निकाल ली और युवती के बाल पकडकर घसीटते हुए एबी रोड किनारे घने अंधेरे जंगल में ले गए। जंगल में पहुंचकर आरोपियों ने फोन करके अपने तीन और साथियों को बुला लिया। छह बदमाशों ने मिलकर रमन और युवती को डंडों और थप्पड़ों से बुरी तरह पीटा। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर उनके मोबाइल, पर्स और बाइक छीन ली। रमन को बंधक बनाकर जंगल में दूसरी तरफ ले जाया गया, जबकि तीन दरिंदों ने पीड़िता के कपड़े फाड़ दिए और बारी-बारी से उसके साथ जबरदस्ती करने लगे। पीड़िता ने खुद को बचाने के लिए कड़ा संघर्ष किया, आरोपियों को नोंचा और काटा, लेकिन हैवानों ने उसके ही कपड़ों से हाथ बांध दिए। घायल अवस्था में थाने पहुंची पीड़िता की शिकायत पर धरनावदा थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 70(1), 127(1) और 310(2) के तहत मामला दर्ज किया है।

विदेश की नौकरी छोड़ देश सेवा के लिए रुका था भारत

इस घटना का सबसे मार्मिक पहलू यह है कि पीड़ित युवक होनहार है। हाल ही में उसका विदेश में चयन हुआ था, लेकिन उसके सीनियर अफसरों ने उसे देश की सेवा के लिए विदेश की नौकरी छोडने की सलाह दी। उसने भारत में रहकर अपने देश के लिए काम करने का फैसला किया, लेकिन अपने ही देश में उसे ऐसी भयावह वारदात का सामना करना पड़ा। राहत की बात यह है कि गुना पुलिस ने महज 24 घंटे में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया है।

इनका कहना है...

मामले में फास्ट ट्रैक करवाकर आरोपियों पर जल्द से जल्द सख्त सजा दिलाने की कार्रवाई की जाएगी। मैं खुद मामले की मॉनीटरिंग करूंगा। एक पूरी टीम इसमें लगाई जाएगी और ट्रॉयल प्लान बनाकर काम करेगी। यह एक गंभीर घटना थी। अज्ञात आरोपियों को पकड़ना भी पुलिस के लिए चैलेंज था। इसमें एसआईटी गठित कर इनाम की घोषणा कराई गई। चार-पांच थानों की पुलिस टीम बनाकर कार्रवाई की गई।

हितिका वासल
एसपी गुना

जिला अस्पताल की लचर व्यवस्था पर फिर लगा सवालिया निशान

डॉक्टर पर लगा वार्ड में न जाने का आरोप , महिला की मौत के बाद हंगामा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला अस्पताल में डॉक्टरों की बेपरवाही और लचर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के कारण मरीजों की जान आफत में पड़ रही है। शनिवार को कैंट निवासी राधा खटीक की इलाज के दौरान हुई मौत ने एक बार फिर अस्पताल की गंभीर कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

परिजनों का गंभीर आरोप है कि गंभीर हालत में भर्ती महिला की तबीयत बिगडऩे पर जब उन्होंने डॉक्टर को बुलाने की मिन्नतें कीं, तो डॉक्टर ने वार्ड में जाने के बजाय मरीज की फाइल वहीं मंगवा ली। आरोप है कि डॉक्टरों की इसी लेतलाली और अनदेखी के चलते महिला ने दम तोड़ दिया।घटना के बाद अस्पताल परिसर में परिजनों और स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश पनप गया। मौत की खबर फैलते ही अस्पताल में भारी भीड़ जमा हो गई और हंगामे की स्थिति निर्मित होने लगी। माहौल गरमाते देख पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा और स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को समझाइश दी और संभावित प्रदर्शन को टाल दिया। इस पूरे घटनाक्रम ने जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कार्यशैली और प्रशासनिक दावों की कलई खोलकर रख दी है।

बमोरी विधायक ने पेश की मानवता की मिसाल

दुर्घटना में घायल पूरे परिवार को अपनी गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के बमोरी थाना अंतर्गत खैरी-खता रोड पर गत शाम एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दंपति और उनके मासूम बच्चे गंभीर रूप से



घायल हो गए। हादसे के ठीक बाद वहां से गुजर रहे बमोरी विधायक ऋषि अग्रवाल ने तुरंत संवेदनशीलता दिखाते हुए घायलों को अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल पहुंचाया और डॉक्टरों को मुस्तैदी से उपचार के निर्देश दिए। विधायक की इस त्वरित मदद से समय पर इलाज शुरू हो सका और परिवार की जान बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मोदील निवासी प्रकाश सहरिया अपनी पत्नी और दो छोटे बच्चों के साथ ससुराल में एक बीमार रिश्तेदार को देखकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। रात करीब 7 बजे खैरी-खता मार्ग पर लापरवाही से वाहन चला रहे एक ट्रैक्टर चालक ने अचानक अपनी गाड़ी मोटरसाइकिल की तरफ मोड़ दी। इसके चलते मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सीधे ट्रैक्टर से जा टकराई। दुर्घटना में प्रकाश सहरिया, उनकी पत्नी तथा उनके दो मासूम बच्चे, जिनमें 3 वर्षीय कार्तिक सहरिया भी शामिल है, सडक़ पर गिरकर बुरी तरह जख्मी हो गए। घटना के बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक वाहन सहित मौके से भाग खड़ा हुआ।

उसी समय क्षेत्र के दौर से लौट रहे बमोरी विधायक ऋषि अग्रवाल का वाहन वहां से गुजरा। क्षत-विक्षत स्थिति में परिवार को तड़पता देख विधायक ने तत्काल अपना काफिला रुकवाया और बिना समय गंवाए सभी घायलों को अपने वाहन से जिला अस्पताल रवाना किया। घायलों का फिलहाल जिला अस्पताल में उपचार जारी है। बमोरी पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

कलेक्ट्रेट में गूंजा मानदेय का मुद्दा, आधार ऑपरेटरों का फूटा गुस्सा

पोस्टर चस्पा कर ई-गवर्नेंस अधिकारी के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिलेभर में संचालित आधार केंद्रों के ऑपरेटरों को विगत 8 वर्षों से मानदेय का भुगतान न होने से शनिवार को उनका गुस्सा चरम पर पहुंच गया। आक्रोशित आधार ऑपरेटरों ने कलेक्ट्रेट परिसर में ई-गवर्नेंस अधिकारी गौतम श्रीवास्तव के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कलेक्ट्रेट की दीवार पर एक बड़ा फ्लैक्स (पोस्टर) चस्पा कर दिया। इस पोस्टर के माध्यम से मानदेय रोकने, सुरक्षा निधि न लौटाने और आधार ऑपरेटर भर्ती में गंभीर अनियमितताओं की पोल खोली गई। यद्यपि प्रशासनिक अधिकारियों



को भनक लगते ही आनन-फानन में इस पोस्टर को दीवार से हटा दिया गया, लेकिन तब तक पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में यह मामला चर्चा का विषय बन चुका था। प्रदर्शन में शामिल मृगवास निवासी आधार ऑपरेटर मंगलेश शर्मा ने ई-गवर्नेंस अधिकारी पर सीधा आरोप लगाते हुए बताया कि मानदेय के भुगतान के लिए उन्होंने जनसुनवाई से लेकर वरिष्ठ स्तर पर ईमेल तक किए हैं, परंतु आज तक उनका जायज हक नहीं मिला। आधार ऑपरेटरों का काम सीधे ई-गवर्नेंस अधिकारी के अधीन आता है। जब इस संबंध में कलेक्टर ने ई-गवर्नेंस अधिकारी गौतम श्रीवास्तव से जवाब तलब किया, तो वे कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दे सके और गोल-मोल बातें करते हुए फाइल भेजने का बहाना बनाने लगे। भोपाल से ई-गवर्नेंस के खाते में 37 लाख 57 हजार 797 रुपये की राशि प्राप्त हो चुकी है, फिर भी ऑपरेटरों को भुगतान नहीं किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में वे अपने परिवार का भरण-पोषण कैसे करें, क्योंकि वे जनता से अतिरिक्त पैसे वसूल नहीं सकते। जिले में किसी भी आधार केंद्र का निरीक्षण ई-गवर्नेंस अधिकारी द्वारा क्यों नहीं किया जाता।

हॉर्न बजाने पर युवक के साथ मारपीट, मोबाइल फोड़ा

गुना। शहर के बैजू चौराहे के पास हॉर्न बजाने की मामूली बात पर बाइक सवार दो युवकों द्वारा एक राहगीर के साथ गाली-गलौज, मारपीट करने और उसका महंगा मोबाइल तोडने का मामला सामने आया है। मामले में एसपी कार्यालय की जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत की जांच के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नयापुरा निवासी गौरव शर्मा (18) बीते गत रात अपने घर लौट रहे थे। बैजू चौराहे व गैस गोदाम के पास आगे चल रही बाइक से साइड मांगने के लिए उन्होंने हॉर्न बजाया। इसी बात पर बाइक सवार प्रशांत प्रेमी और उसके साथी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। गौरव द्वारा विरोध करने और पिता को फोन लगाने पर आरोपी प्रशांत प्रेमी ने उनका सैमसंग फोल्ड मोबाइल जमीन पर पटक कर फोड़ दिया।

गैंगरेप के खिलाफ डीएसओ का विरोध प्रदर्शन

महिलाओं बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, आरोपियों को उदाहरणमूलक सजा दी जाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

महिला संगठन महिला सांस्कृति संगठन व छात्र संगठन डीएसओ के द्वारा अभी हाल ही में गुना जिला के अंदर बाइक सवार युवक युवती के साथ की गई ज्यादती के खिलाफ जिला कलेक्ट्रट के बाहर प्रतिक्रिया दी गई। महिला संगठन की जिला सचिव प्रीति श्रीवास्तव ने बताया कि बीते दिन गुना जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र में एक बाइक सवार युवक युवती को रोका गया और युवक के साथ मार पीट की गई व युवती को जंगल में ले जाकर 3 लोगो ने उसके साथ गैंगरेप किए। कुछ समय तक लडक़ी ने बचने की कोशिश की आरोपियों ने दरिंदगी की हद पार करते हुए पहले उसके साथ रेप का प्रयास किया फिर प्राइवेट पार्ट में लकड़ी डाल दी गई ।

आगे इन घटनाओं का कारण बताते हुए व चिंता जाहिर करते हुए सचिव सीमा राय ने बताया कि इस तरह की घटनाएं आय दिन हमारे समाज में हो रही है । बढ़ते दुष्कर्म छेडख़ानी की घटनाएं समाज में महिलाओं - बच्चियों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा कर रही है । माता पिता आज अपनी छोटी बच्ची को भी बाहर भेजने से डर रहें है । हम इस तरह की घटनाओं की कड़ी निंदा कि गई व मांग की गई कि आरोपियों को उदाहरणमूलक सजा दी जाए,इस तरह की तमाम घटनाओ पर रोक लगाई जाए व इन घटनाओं के पीछे के कारण शराब नशा अश्लीलता अपसंस्कृति , पोर्न साइट्स पर रोक लगाई जाए ।

प्रत्येक शुक्रवार को जनता के बीच पहुंचेगा जिला प्रशासन

संवाद-समाधान, संवेदनशीलता और सादगी होंगे अभियान के आधार स्तंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में भी 7 अगस्त से "मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान" शुरू होगा। आगामी 8 जनवरी 2027 तक संचालित होने वाले इस अभियान में मुख्यमंत्री, मंत्रिगण, मुख्य सचिव व राज्य शासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, संभागीय कमिश्नर व जिला कलेक्टर एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण नियमित रूप से मैदानी भ्रमण कर आमजन से संवाद कर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। साथ ही शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं के जमीनी क्रियान्वयन का प्रत्यक्ष आकलन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर जनता से सीधा संवाद एवं जुड़ाव स्थापित करने और समस्याओं का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान संचालित होने जा रहा है।

कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने जिले में "मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान" को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से मूर्तरूप देने



के लिये संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी अधिकारी शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शुक्रवार को सामूहिक रूप से मैदान में पहुंचकर जन समस्याओं का समाधान करें।

जनता के बीच रहेगा प्रशासन

अभियान के अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को जिलेभर में विशेष फील्ड भ्रमण किया जाएगा। इस दिन अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर किसी भी स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित नहीं होंगी। पूरा दिन केवल मैदानी भ्रमण, जनसंवाद एवं समस्याओं के निराकरण के लिए समर्पित रहेगा। भोपाल से लेकर संभाग व जिला स्तर तक सभी वरिष्ठ अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण करेंगे। जिला कलेक्टर प्रत्येक भ्रमण क्षेत्र का चयन एक सप्ताह पूर्व करेंगे तथा इसकी जानकारी जनप्रतिनिधियों को देंगे। भ्रमण से पूर्व संबंधित क्षेत्र में सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर उनके शत-प्रतिशत निराकरण का प्रयास किया जाएगा।

सुशासन को और अधिक प्रभावी बनाने की पहल

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के माध्यम से प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने के साथ-साथ मैदानी स्तर से प्राप्त फीडबैक के आधार पर प्रशासन के पर्यवेक्षण तंत्र को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य केवल शिकायतों का निराकरण करना नहीं, बल्कि शासन और जनता के बीच विश्वास एवं सहभागिता को मजबूत करते हुए सुशासन की अवधारणा को व्यवहार में उतारना है।

जन संवाद और उद्योग संवाद पर रहेगा विशेष फोकस

प्रत्येक शुक्रवार जिला कलेक्टर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ फील्ड भ्रमण करेंगे। इस दौरान जन संवाद एवं उद्योग संवाद आयोजित किए जाएंगे। उद्योग संवाद में वृहद, एमएसएमई तथा कुटीर उद्योगों से जुड़े उद्यमियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न जिलों का भ्रमण करेंगे।्र

मुख्यमंत्री के भ्रमण वाले जिले में समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। अभियान के दौरान सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई की लंबित शिकायतों, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों, अविवादित नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारे, न्यायालयीन आदेशों के पालन, किसान फार्मर आईडी निर्माण, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी की ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, आंगनवाड़ी सेवाओं, स्वास्थ्य संस्थानों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों, खाद-बीज उपलब्धता, सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की व्यापक समीक्षा की।

समाचार संक्षेप

वन विभाग से सेवा निवृत्त होने पर कर्मचारियों ने दी बधाई, ढोल-नगाड़े बजाकर किया स्वागत



गुना। 35 वर्षों की सेवा देने के बाद आनंद स्वरूप निर्भय अपनी 31 जुलाई 2026 को वन विभाग गुना से सेवानिवृत हुए। मिनी पीएससी में सेलेक्ट होने के बाद मधुसुदनगढ़ से अपनी सेवाएं शुरू करने के बाद श्री निर्भय ने बीनागंज और गुना वन विभाग में अपनी सेवाएं दी। उनकी सेवानिवृत्ति पर विभागीय कर्मचारी और परिवार जनों ने आतिशबाजी ढोल नगाड़ों और माला पहनाकर उनका स्वागत किया। बधाई देने वालों में भागीरथ शर्मा दीनानाथ शर्मा हेमलता निर्भय तृप्ति शर्मा चंद्रेश निर्भय मनोज निर्भय प्रबल प्रताप व्यास प्रणव निर्भय प्रांजल निर्भय एवं तनिष निर्भय सहित कई शुभचिंतक शामिल रहे।

अमृत हरित महा अभियान : सीएमओ के नेतृत्व में रोपे विशेष प्रकार के पौधे



राघोगढ़। नगर पालिका राघोगढ़ विजयपुर में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अमृत हरित महा अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया अभियान के तहत नगर पालिका के सीएमओ तेज सिंह यादव एवं अधिकारी कर्मचारियों ने ट्रेंचिंग ग्राउंड डोंगर पहुंचकर विभिन्न प्रकार प्रजातियां के पौधे लगाएं वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका के सदस्यों पौधारोपण किया बल्कि उनके नियमित रखरखाव और सुरक्षा का संकल्प भी लिया सीएमओ तेज सिंह यादव ने कहा कि शहरी क्षेत्र और कहीं क्षेत्र में वृक्षारोपण करने से पर्यावरण का संतुलन बेहतर होता है नगर के कई लोगों से उन्होंने अपील की रविवार को छुट्टी वाले दिन अपने आसपास पौधारोपण करें और उसको सुरक्षित संरक्षित करने का संकल्प लें नगर में सफाई का भी विशेष ध्यान रखें कचरा कचरा गाड़ी में डालें और नगर को स्वच्छ बनाएं रखें।

नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ आज

गुना। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत द्वारा 2 अगस्त को देशभर में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से देश के 10 हजार से अधिक स्थानों से जुड़कर एक करोड़ से अधिक युवाओं को संबोधित करेंगे। अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें नशा मुक्त भारत के निर्माण और विकसित भारत-2047 के संकल्प से जोडना है। इस अवसर पर देशभर के साथ-साथ गुना जिले में भी सामूहिक नशा मुक्ति शपथ दिलाई जाएगी तथा 100 सप्ताह तक चलने वाले विशेष रविवार अभियान का शुभारंभ होगा।

पात्र किसानों को ही मिले खाद, हर वितरण का पूरा रिकॉर्ड रखें: कलेक्टर

अब हाईब्रिड मोड से मिलेगा किसानों को उर्वरक, जिले में नई व्यवस्था की लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था की समीक्षा एवं हाईब्रिड मोड में वितरण प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन के नवीन निर्देशों के अनुरूप किसानों को समय पर, पर्याप्त एवं पारदर्शी तरीके से उर्वरक उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उप संचालक कृषि संजीव शर्मा ने बताया कि जिले में ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण 01 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया गया था। शासन द्वारा 30 जुलाई 2026 से ई-विकास प्रणाली में आंशिक संशोधन करते हुए, व्यवस्थाओं के सरलीकरण हेतु गठित समिति की अनुशंसाएं प्राप्त होने तक प्रदेश में उर्वरक वितरण हाईब्रिड मोड में करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि 30 जुलाई 2026 तक ई-विकास प्रणाली से वितरित उर्वरक का अभिलेख सुरक्षित रखा जाएगा। वहीं 30 जुलाई 2026 से आगामी आदेश तक किसानों को वितरित किए जाने वाले उर्वरक के संबंध में आधार कार्ड की छायाप्रति, मोबाइल नंबर तथा कंपनीवार एवं उर्वरकवार (यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी एवं एमओपी) वितरित मात्रा का पृथक-पृथक अभिलेख अनिवार्य रूप से संधारित किया जाएगा। बाद में इस जानकारी का पोर्टल पर इंद्राज संबंधित विक्रेता द्वारा किया जाएगा। इस संबंध में सभी डबल लॉक केंद्रों, एम.पी. एग्रो, सेवा सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने निर्देश दिए कि जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुचारु एवं पारदर्शी ढंग से संचालित की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को उर्वरक प्राप्त करने में किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा वितरण व्यवस्था पूरी तरह व्यवस्थित रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उर्वरक वितरण से पूर्व यह भी सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित किसान पूर्व में उर्वरक प्राप्त कर चुका है अथवा नहीं। अपात्र अथवा अनियमित तरीके से लाभ लेने वाले व्यक्तियों को उर्वरक वितरित न किया जाए। उन्होंने कहा कि एक बार में अधिकतम 10 बैग तक ही उर्वरक का वितरण किया जाए तथा उन्हें प्राथमिकता के साथ उर्वरक उपलब्ध कराया जाए।

व्यक्ति जीवन भर शुभ मुहूर्त के चक्कर में लगा रहता है: मुनिश्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

ऐतिहासिक प्राचीन धर्म नगरी राघौगढ़ में चातुर्मास कर रहे आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने श्रमण धारा प्रवचन माला के अन्तर्गत आज शुभ मुहूर्त क्या है इस विषय पर मंगल उपदेश देते हुए कहा व्यक्ति का जन्म बिना मुहूर्त के होता है और मृत्यु भी बिना मुहूर्त के होती है। इसके बाद भी व्यक्ति जीवन भर शुभ मुहूर्त के चक्कर में फंसा रहता है। हमारा मन जिस कार्य को जिस समय करने का कहे उस कार्य को इस समय शुरू कर देना चाहिए यही शुभ मुहूर्त है मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने पौराणिक कथा का उल्लेख करते हुए कहा मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम एवं महासती सीता के विवाह की कुंडली का मिलन गुरु वशिष्ठ जी ने किया था। इसके बाद भी उन्हें 14 वर्ष वनवास रहना पड़ा । परम पूज्य आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज एवं नवाचार्य समय सागर जी महाराज का जन्म शरद पूर्णिमा के शुभ दिन हुआ था। चातुर्मास कलश स्थापना का भव्य आयोजन आगामी 9 अगस्त रविवार को विद्यासागर सभागार में आयोजित किया जा रहा है। जैन समाज के अध्यक्ष सिंघई अशोक कुमार भारिल्य के नेतृत्व में जैन समाज के शिष्ट मंडल ने अरविंद धाकड़ अध्यक्ष जिला पंचायत गुना से भेंट की।

महिला एवं बाल विकास विभाग में 40 वर्षों की सेवा के बाद तिवारी सेवानिवृत्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

महिला एवं बाल विकास विभाग में 40 वर्षों तक अपनी सेवाएं देने के बाद कुंज बिहारी तिवारी सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर जिला कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई सभा कक्ष में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास अधिकारी, सुपरवाइजर, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, सेवानिवृत्त अधिकारी, कोषालय एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने श्री तिवारी का पुष्पमालाएं एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया तथा उनके उज्वल एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। मनमोहन पालीवाल, हनीफ खान एवं राजेश जोशी ने कहा कि श्री तिवारी अपने पूरे सेवाकाल में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सरल व्यवहार के लिए पहचाने जाते रहे। उन्होंने अशोकनगर, गुना, आरोन, बमोरी, चाचौड़ा और राघौगढ़ सहित विभिन्न स्थानों पर अपनी सेवाएं दीं।महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि श्री तिवारी का अनुभव विभाग के लिए हमेशा महत्वपूर्ण रहेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी आवश्यकता पड़ने पर वे अपने अनुभव से मार्गदर्शन करते रहेंगे।

विकसित भारत युवा कनेक्ट 2026: कार्यक्रम में युवाओं को राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश

यंग लीडर डायलॉग से संबंधित प्रेरणादायी वीडियो प्रदर्शित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



क्राइस्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गुना में शनिवार को 'विकसित भारत युवा कनेक्ट–2026' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा नशामुक्त भारत के प्रति जागरूकता विकसित करना था।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं युवा प्रेरणा अभिषेक सुमन, जिला यूथ अधिकारी तनिष्क सक्सेना, डॉ. दिव्य जैन,जे पी यूनिवर्सिटी तथा विद्यालय के प्राचार्य फा. बाबू सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराया गया। कार्यक्रम में माय भारत अभियान की जानकारी दी गई तथा माय भारत एवं विकसित भारत यंग लीडर डायलोग से संबंधित प्रेरणादायी वीडियो प्रदर्शित किए गए।मुख्य अतिथि अभिषेक ने अपने प्रेरक उद्बोधन में विद्यार्थियों से बड़े लक्ष्य निर्धारित करने, अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं की ऊर्जा, नवाचार और संकल्प ही वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है। जिला यूथ अधिकारी तनिष्क सक्सेना ने माय भारत अभियान की जानकारी देते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सेवा एवं जनभागीदारी से जुड़े अभियानों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को माय भारत पोर्टल से जुड़कर अपनी प्रतिभा और ऊर्जा को देशहित में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि एवं क्राइस्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की पूर्व छात्रा तथा जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, गुना की डॉ. दिव्या जैन ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, सतत अध्ययन और जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने विद्यालयीन अनुभव साझा करते हुए कहा कि क्राइस्ट स्कूल से प्राप्त संस्कार और शिक्षा ने उनके जीवन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस अवसर पर नशामुक्त भारत विषय पर जागरूकता वीडियो का प्रदर्शन किया गया।

विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस मनाया गया

अशोकनगर। शनिवार को भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ अशोकनगर द्वारा विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस मनाया गया। स्कार्फ स्काउटिंग की पहचान अनुशासन, सेवा एकता, और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर स्काउट गाइड जिला संघ अध्यक्ष मनोज जैन, जिला मुख्य आयुक्त दया सिंह संधू, जिला शिक्षा अधिकारी जिला कमिश्नर गाइड मधु शर्मा, डी पी सी राहुल शर्मा ,चंद्र शेखर सिसौदिया विकास खंड शिक्षा अधिकारी सभी को स्कार्फ पहनाकर विश्व स्काउट स्कार्फ डे की शुभकामनाएं दीं एवं जिला संघ द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का संचालन शर्मिष्ठा जगताप जिला संगठन आयुक्त द्वारा किया गया कार्यक्रम में अवदेश शर्मा जिला हेड क्वार्टर कमिश्नर, जिला संगठन आयुक्त गाइड शर्मिष्ठा जगताप, जिला सचिव मुकेश शर्मा, जितेंद्र रघुवंशी, रीना शर्मा, वर्षा एवं स्काउट गाइड उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर ने की समीक्षा बैठक



अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित कर विभिन्न विभागों की तैयारियों की समीक्षा की। शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान तहत प्रथम शिविर का शुभारंभ 07 अगस्त 2026 को जिले की तहसील मुंगावली से होगा। बैठक में कलेक्टर मालवीय ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों एवं विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचे, इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों से विभागवार तैयारियों संबंधी जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा अभियान के दौरान सीएम हेल्पलाईन, जनसुनवाई तथा वरिष्ठ कार्यालयों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही कहा कि सभी विभाग अभियान से संबंधित आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करें और निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान के अंतर्गत शासकीय संस्थाओं के निरीक्षण संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा निर्धारित चेकलिस्ट अनुसार किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही किये गए निरीक्षण की रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराई जाएं।

पहले एमपीपीएससी में वित्त सेवा अधिकारी, अब 6वी रैंक से असिस्टेंट प्रोफेसर बनीं शिविका जैन



अशोकनगर। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग एमपीपीएससी 2024 की परीक्षा पास कर वित्त सेवा अधिकारी बनने के बाद अब उनका चयन असिस्टेंट प्रोफेसर (अर्थशास्त्र) पद पर हुआ है। शिविका ने एम.ए. (अर्थशास्त्र) की पढ़ाई की है और यूजीसी-नेट (अर्थशास्त्र) भी पास किया। इसके बाद उन्होंने असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा में भी सफलता हासिल कर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक नई पहचान बनाई है। शिविका, सतीश-संगीता जैन की सुपुत्री हैं। उनकी यह उपलब्धि सिर्फ उनके परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे अशोकनगर जिले के लिए गर्व की बात है। उनकी सफलता यह दिखाती है कि लगातार मेहनत, सही दिशा और मजबूत इरादों से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।


निचले अमले पर लीपापोती के आरोप: मुख्य अतिक्रमण वाली जगह छोड़ 307 की नाप-जोख कर बैरंग लौटा दस्ता!

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नगर के मुंगावली रोड स्थित सर्वे नंबर 308/1 की करोड़ों रुपये मूल्य की शासकीय खाली भूमि को निगलने का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। भू-माफिया बेखौफ होकर सरकारी जमीन पर अपने निजी खाते की रजिस्ट्रियों की आड़ में प्लाटिंग कर कब्जा दिला रहे हैं। खबर के प्रकाशन के बाद बीते 22 तारीख को प्रशासनिक अमला नींद से जागा जरूर और मौके पर सीमांकन करने पहुंचा, लेकिन प्रशासनिक टीम की यह कार्रवाई सिर्फ वरिष्ठ अधिकारियों की आंखों में धूल झोंकने का जरिया बनकर रह गई।

जमीन 308/1, नाप-जोख 307 की!

सूत्रों और स्थानीय निवासियों से मिली जानकारी के अनुसार, प्रशासनिक टीम जिस उद्देश्य से मौके पर पहुंची थी, वह पूरा ही नहीं हुआ। जिस विवादित और मुख्य अतिक्रमण वाली भूमि का वास्तविक सीमांकन होना था,



राजस्व अमले ने उसे छुआ तक नहीं। टीम सर्वे क्रमांक 308/1 की सीमा तक पहुंची जरूर, लेकिन खानापूर्ति करते हुए पास के सर्वे क्रमांक 307 का सीमांकन कर इतिश्री कर ली। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यह पूरी कार्रवाई केवल वरिष्ठ अधिकारियों को गुमराह करने और कागजी लीपापोती करने के लिए रची गई एक पटकथा थी।

निचले अमले की भूमिका पर उठे गंभीर सवाल

इस मामले में राजस्व विभाग के निचले स्तर के अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप हैं कि निचले स्तर का अमला अंदरूनी रूप से अतिक्रमण कारियों और भू-माफिया के साथ सांठ-गांठ बनाए हुए है, जिससे कि करोड़ों की सरकारी जमीन इन माफियाओं के चंगुल से मुक्त न हो सके। यही कारण है कि जब भी सीमांकन या कार्रवाई का मौका आता है, तो तकनीकी पेंच फंसाकर मुख्य अतिक्रमण वाली जगह को बचा लिया जाता है।

निष्पक्ष जांच दल गठित करने की उठ रही मांग

स्थानीय नागरिकों और प्रबुद्ध जनों का स्पष्ट कहना है कि यदि प्रशासन वास्तव में इस बेशकीमती सरकारी जमीन को बचाना चाहता है, तो उसे निष्पक्ष और सक्षम वरिष्ठ अधिकारियों का एक विशेष जांच दल गठित करना होगा। यह टीम मौके पर जाकर बिना किसी दबाव के उस वास्तविक जगह की नाप-जोख करे, जहां भू-माफिया धड़ल्ले से कब्जा जमाते जा रहे हैं।

ब्लॉक स्तरीय वालीबॉल एवं शतरंज में खिलाड़ियों ने दिखाए हुनर



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय वालीबाल एवं शतरंज प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाएं अपने हुनर एवं अपने खेल के प्रदर्शन पर कराया अपना चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए ब्लॉक स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता नगर के टी ए व्ही हायर सेकेंडरी स्कूल खेल मैदान पर आयोजित की गई।

जिसमें स्कूल सीईओ पुनीत जैन द्वारा सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया गया। जिसमें 14 वर्ष 17 वर्ष 19 वर्ष बालक बालिकाओं ने भाग लिया इसमें अपने शानदार खेल के प्रदर्शन पर सभी टीमों ने खेलते हुए अपना चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए कराया है जो आगामी तारीख में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। वही शतरंज प्रतियोगिता नगर के सेंट मीरा कॉन्वेंट हाई स्कूल में आयोजित की गई। जिसमें 14,17,19, बालक बालिका वर्ग में सभी विद्यालयों के बच्चों ने अपने दिमाग का इस्तेमाल करते हुए शतरंज में अपने खेल का ओनर दिखाते हुए बहुत अच्छा खेल का प्रदर्शन किया। यह बच्चे भी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपने नगर मुगावली का नाम रोशन करेंगे कार्यक्रम में टी ए व्ही स्कूल, माँ कॉन्वेंट स्कूल, सेंट मीरा स्कूल, आईपीएस स्कूल, श्री कृष्णा हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

महिला परिषद ने महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा अरिहंत महिला परिषद, राजुल संभाग (द्वितीय शाखा) अशोकनगर द्वारा चलो माहवारी का सच जानें एक कदम सुरक्षित स्वास्थ्य की ओर विषय पर रेड डॉट अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम में परिषद की अध्यक्ष सोनम अजमेरा ने मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपयोग किए गए सेनेटरी पैड को सीधे कूड़ेदान में न फेंककर पहले कागज में अच्छी तरह लपेटें, उस पर रेड डॉट (लाल बिंदु) का निशान लगाएँ और उसे सूखे कूड़ेदान में ही डालें। साथ ही हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह छोटी-सी पहल संक्रमण से बचाव के साथ-साथ सफाईकर्मियों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

अभियान के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं किशोरियों ने स्वच्छता संबंधी नियमों का पालन करने का संकल्प लिया तथा लिखित रूप में यह वचन दिया कि वे उपयोग किए गए सेनेटरी पैड को सूखे डस्टबिन में ही डालेंगी और उस पर रेड डॉट का निशान भी अवश्य लगाएंगी। परिषद की सदस्यों ने जरूरतमंद महिलाओं एवं बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरित कर उन्हें मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

वरिष्ठ नागरिक परिसंघ ने पौध रोपण कार्यक्रम आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



वरिष्ठ नागरिक परिसंघ ने बरखेड़ी गौ शाला पर पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पौधा रोपण कार्य किया गया। इसी क्रम में संघठन की बैठक भी आयोजित की गईं, जिसमें निम्न विन्दुओं पर विमर्श पश्चात वरिष्ठ नागरिक संघ की सदस्यता बढ़ाने हेतु सम्पर्क अभियान, स्थानीय समस्याओ के लिये कलेक्टर को ज्ञापन देने, मासिक बैठक प्रति दो माह में एक बार ली जाने का निर्णय लिया गया। एक सुझाव वरिष्ठ नागरिकों के लिये स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के लिये भी आया जिसे ध्वनि मत से पास किया गया।

स्वास्थ्य शिविर आयोजन के लिये स्वास्थ्य विभाग एवं सामाजिक कल्याण विभाग के माध्यम से सम्पर्क कर लगाने हेतु विचार रखा गया जो आगामी दिनों में तिथि निर्धारित कर शिविर लगाया जाबेगा, तथा आगामी दिनों में वरिष्ठ नागरिक संघ की नई समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष माधो सिंह रघुवंशी की अध्यक्षता में एवं प्रदेश मंत्री राम वीर सिंह रघुवंशी के मुख्य आथित्य में सम्पन्न हुई जिसमे जिला सचिव मुन्ना लाल क्लावत ने कार्यक्रम का संचालन किया, इस समय मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा, प्रहलाद श्रीवास्तव संभागीय सचिव अधिकारी कर्मचारी महासंघ,एवं डॉ. सुषमा गोयल उपाध्यक्ष, अंत में चंदा शर्मा द्वारा सभी का आभार मना एवं कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

खबर संक्षेप

जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत सिरोंज निवासी विनीता बाई उम्र 41 साल ने अज्ञात कारणों के चलते सल्फास खा लिया। जिसे उपचार के लिए मुंगावली अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम बीसोर निवासी प्रमोद पुत्र शिवराम कुशवाह उम्र 33 साल ने अपने ही घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

शासकीय कार्य में बांधा डालने पर मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के देहात थाने अंतर्गत त्रिलोकपुरी कॉलोनी निवासी रघुनाथ जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शिवराज अहिरवार निवासी ग्राम जनौदा ने शासकीय प्राथमिक स्कूल जनौदा के परिसर में शिक्षक व फरियादी के साथ मारपीट की और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई। जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

चोर बाइक चोरी कर ले गए, मामला दर्ज

अशोकनगर। सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतग्रत ग्राम मूडराखाना थाना बहादुरपुर निवासी रामवीर दांगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि न्यू बस स्टैंड पर जाट होटल के पास से कोई अज्ञात चोर उसकी बाइक जिसका नंबर एमपी 67 एमसी 3161 है जिसे चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरखेडी निवासी बृजेश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बाबूलाल अहिरवार, चार्लीराजा अहिरवार ने उससे मारपीट की। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुना निवासी प्रदीप जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बादल यादव, जयमंडल, विजय, नेपाल यादव निवासी अथाईखेडा ने उससे मारपीट। सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिरौली निवासी प्रेमबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अनेक अहिरवार ने उससे मारपीट की।

धोखाधड़ी का मामला किया गया दर्ज

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत सेहराई निवासी अखण्ड प्रताप सिंह तोमर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने छल पूवर्क एलआईसी पॉलिसी के नाम पर 50 हजार रूपए ट्रांसफर करा लिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

खाद वितरण की समीक्षा बैठक आयोजित

अशोकनगर। कलेक्टर की अध्यक्षता में खाद वितरण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बताया गया कि डबललॉक केन्द्र अशोकनगर में अपरिहार्य कारणों से सोमवार एवं मंगलवार को यूरिया खाद का वितरण नही किया जाएगा। डबललॉक केन्द्र मुंगावली एवं पिपरई में यूरिया खाद का वितरण किया जाएगा। कृषक अपनी सुविधानुसार खाद प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में सीईओ जिपं राजेश जैन, अपर कलेक्टर डीएन सिंह,एसडीएम अशोकनगर इसरार खान, उप संचालक कृषि अमित सिंह भदौरिया सहित सहकारिता, एमपीएग्रो एवं संबंधित उपस्थित थे।

भाजपा ने किया जिला टोली का गठन

अशोकनगर। भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा 9 से 15 अगस्त के उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय टोली का गठन किया गया है। जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि जिला स्तरीय टोली के संयोजक नरेश ग्वाल जिला महामंत्री भाजपा,सह संयोजक शिवेंद्र यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष ईसागढ़,धर्मेंद्र रघुवंशी खैजरा जिला मंत्री, अभय ठाकुर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष को बनाया है।

पुलिस घटना के आरोपी की तलाश में जुटी, हत्या का मामला दर्ज किया

मंदसौर मिल के पास युवक की धारधार हथियार से गला रेतकर हत्या की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर के मंदसौर मिल क्षेत्र में शुक्रवार रात पुरानी रंजिश के चलते एक 22 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से नृशंस हत्या कर दी गई। हमलावर ने युवक के गले पर इतना भीषण वार किया कि अत्यधिक खून बह जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।


जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अभिषेक पुत्र अनिल उर्फ बबलू कुशवाह उम्र 22 साल के रूप में हुई है। शुक्रवार रात करीब 10.45 बजे जब अभिषेक मंदसौर मिल के पास था, तभी घात लगाए आरोपी ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में अभिषेक के गले पर गहरी चोट आई और वह सड़क पर तड़पते हुए गिर पड़ा। जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते, अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसने वहीं दम तोड़ दिया।

दो महीने पुरानी रंजिश बनी वजह

कोतवाली थाना प्रभारी रवि प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि अभिषेक और आरोपी कल्लू कुशवाहा के बीच कुछ समय से दुश्मनी चल रही थी। लगभग दो महीने पहले अभिषेक ने कल्लू के साथ मारपीट की थी और इसके बाद उसकी पत्नी व बेटे से भी विवाद किया था। इसी रंजिश का बदला लेने के लिए कल्लू ने इस वारदात को अंजाम दिया।









पुलिस ने दर्ज किया मामला, आरोपी की तलाश जारी

घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी विवेक शर्मा और कोतवाली थाना प्रभारी रवि प्रताप सिंह चौहान भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने साक्ष्य जुटाने के बाद शव को जिला अस्पताल पहुंचाया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी कल्लू कुशवाहा के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की अलग-अलग टीमें आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं और उसे जल्द ही हिरासत में ले लिया जाएगा। टीआई रवि प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि इस घटना में एक ही आरोपी का नाम सामने आ रहा है, आरोपी की तलाश में टीमें लगी हैं।

यह पूरा क्षेत्र अपराधों का बन गया अड्डा

जिस जगह यह घटना हुई है वह सुनीता घोसी के मकान के सामने का स्थल है। मंदसौर मिल क्षेत्र में लगातार अवैध शराब, नशीले पदार्थों का कारोबार होता रहता है। पिछले दिनों मंदसौर मिल क्षेत्र से लगी दीपेश कॉलोनी में भी एक सेक्स स्कैंण्डल का मामला सामने आया था, यहां रात्रि में 112 वाहन की बड़ी जरूरत है। जिले में 112 वाहन उन स्थानों पर तैनात किए जाए जो अपराधिक क्षेत्रों के रूप में जाने जाते हैं। ज्ञात हो कि मृतक और आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं, मृतक अभिषेक कुशवाह का पिता चाय की दुकान चलाता है, मृतक दो भाईयों में छोटा था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की तफ्शीश में लगी है।

ग्राम नावनी का मामला

शासकीय हैंडपंप पर दबंग का कब्जा, खानापूर्ति कर लौटी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जनपद पंचायत चंदेरी के अंतर्गत आने वाले ग्राम नावनी में दबंगई का आलम यह है कि सरकारी संपत्ति और आम रास्ते पर खुलेआम कब्जा जमा लिया गया है। शासकीय हैंडपंप को टीन शेड के नीचे कैद कर दिया गया है, वहीं वर्षों पुराने लगभग 20 फीट चौड़े सार्वजनिक रास्ते पर झाड़-झंखाड़ डालकर आम लोगों की आवाजाही पूरी तरह बाधित कर दी गई है। गौरतलब है कि समाचार पत्र हरिभूमि में बीते 31 तारीख को ग्राम नावनी में दबंगों की तानाशाही, शासकीय हैंडपंप पर फिर किया कब्जा शीर्षक से खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। खबर छपने के बाद प्रशासनिक अमले में हड़कंप तो मचा, लेकिन जो कार्रवाई हुई, वह महज कागजी रस्म अदायगी साबित हो रही है।

नायब तहसीलदार की मौजूदगी में केवल खानापूर्ति?

खबर का असर देखकर मौके पर नायब तहसीलदार, आरआई, पटवारी और पीएचई विभाग की संयुक्त टीम जांच करने पहुंची थी। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर केवल निर्देश दिए और लौट आए। हकीकत यह है कि हैंडपंप के ऊपर टीन शेड लगाने के लिए गड़े लोहे के एंगल और ढांचा आज भी वहीं खड़ा है, जिससे हैंडपंप चालू नहीं हो सका।



20 फीट चौड़ा रास्ता किया ब्लॉक

ग्रामीणों ने बताया कि जिस जगह अतिक्रमण किया गया है, वह करीब 20 फीट चौड़ा पुराना रास्ता है। दबंग ने टीन शेड के अलावा रास्ते में लकड़ियों के कांटेदार झाड़ फैला दिए हैं, जिससे लोगों का पैदल निकलना भी दूभर हो गया है।

ग्रामीणों का पलटवार दावा हवा-हवाई, स्थिति जस की तस: एक तरफ जहाँ एसडीएम का दावा है कि जमीन खाली करा दी गई है, वहीं जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट नजर आ रही है। मौके पर लोहे के एंगल और रास्ते पर पड़ा झाड़-झंखाड़ चीख-चीखकर गवाही दे रहा है कि कार्रवाई के नाम पर केवल लीपापोती की गई है। ग्रामीणों ने वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि कागजी दावों के बजाय मौके पर पहुंचकर वास्तविक रूप से अतिक्रमण पूरी तरह साफ कराया जाए और बंद पड़े हैंडपंप की मरम्मत कराकर उसे जल्द चालू कराया जाए।

इनका कहना है

जहां पर अतिक्रमण था, उस जमीन को प्रशासन द्वारा खाली करवा दिया गया है। रहा सवाल हैंडपंप का तो वह पहले से ही बंद पड़ा हुआ है।

मनीष धनगर, एसडीएम, चंदेरी

जनपद सभागार में प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम का आयोजन किया



अशोकनगर। मप्र जनअभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर द्वारा शनिवार को जनपद सभागार में प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष अभिषेक यादव, विशिष्ट अतिथि डॉ. जयमंडल यादव तथा यातायात प्रभारी मनीष चैहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि यातायात प्रभारी मनीष चैहान ने प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा एवं नशामुक्ति विषय पर प्रशिक्षण दिया। सब इंस्पेक्टर पुनीत दीक्षित ने साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए साइबर ठगी, डिजिटल फ्रॉड, फर्जी कॉल, ओटीपी एवं लिंक फ्रॉड सहित अन्य साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि डॉ. जयमंडल यादव ने स्वच्छता एवं पौधारोपण के महत्व पर मार्गदर्शन देते हुए पर्यावरण संरक्षण को जन-जन का दायित्व बताया। उन्होंने सभी से स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष अभिषेक यादव ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनहितैषी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुँचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चौहान ने मप्र जनअभियान परिषद की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों एवं विभिन्न सामाजिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए परिषद द्वारा संचालित कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

सहायक ग्रेड-3 की सेवानिवृति पर विदाई दी गई

ईसागढ़। जनपद पंचायत ईसागढ़ में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 गणेशराम ओझा के सेवानिवृत होने पर जनपद पंचायत सभागार में गरिमामय एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रंजीत सिंह यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए.पी. प्रजापति सहित जनपद पंचायत के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने ओझा के साथ बिताए वर्षों के अनुभवों को साझा करते हुए उनके सरल व्यक्तित्व, निष्पक्ष कार्यशैली एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ, सुखमय जीवन की कामना की।



आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, बीआरसी और उपयंत्री को नोटिस जारी

सेमराहाट में रात्रि चौपाल: कलेक्टर ने विकास कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय ने ग्राम पंचायत सेमराहाट में रात्रि चैपाल का आयोजन किया। इस दौरान ग्राम पंचायत मुख्यालय पर चल रहे विभागीय कार्यालयों का निरीक्षण किया गया, अनियमित्ता पाए जाने पर आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, बीआरसी और उपयंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के हितग्राही जितेन्द्र बाल्मीकि के आवास का अवलोकन कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति की जानकारी ली। इसके साथ ही सामुदायिक भवन एवं आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य स्थलों पर कार्य का विवरण प्रदर्शित करने वाले सूचना बोर्ड लगाए जाएं। आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचकर बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, पोषण आहार, प्री-स्कूल गतिविधियों तथा भवन की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश दिए। आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण में नाश्ता एवं भोजन वितरण पंजी संधारित नहीं पाए जाने, वजन पंजी अद्यतन नहीं होने तथा निरीक्षण में लापरवाही मिलने पर संबंधित सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



बीआरसी और उपयंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी

इसी प्रकार शासकीय विद्यालय भवन के जर्जर होने के बावजूद समय पर प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने तथा लापरवाही बरतने पर संबंधित बीआरसी एवं उपयंत्री को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम में संचालित तालाब गहरीकरण कार्य का अवलोकन किया तथा कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता तथा साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने सामुदायिक भवन का निरीक्षण कर उसके उपयोग एवं रखरखाव की जानकारी ली।

इस दौरान कलेक्टर ने ग्राम के शांतिधाम परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनका नियमित संरक्षण करने की अपील करते हुए कहा कि हरियाली बढ़ाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, एसडीएम अशोक नगर इसरार खान, सीईओ जनपद शैलेंद्र यादव एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



पुलिस विभाग ने सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया, स्मृति चिन्ह प्रदान किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला पुलिस बल अशोकनगर में पदस्थ उनि0 तुलसीराम दोहरे एवं सउनि0 शफीक अहमद गौरी की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर विदाई समारोह का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। विदाई समारोह में उनि0 तुलसीराम दोहरे एवं सउनि0 शफीक अहमद गौरी अपने परिवार सहित उपस्थित हुये। इस दौरान शॉल श्रीफल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया।

उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत्त उनि0 तुलसीराम दोहरे पुलिस विभाग में दिनांक 20.05.1982 को आरक्षक के पद पर भर्ती हुये, दिनांक 19.10.2010 को आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत हुये, दिनांक 13.07.2015 को प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुये, दिनांक 20.07.2026 को सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुये। सेवानिवृत्त उनि0 तुलसीराम दोहरे अपने सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान जिला बल गुना, शिवपुरी एवं अशोकनगर में पदस्थ रहें है। सेवानिवृत्त सउनि0 शफीक अहमद गौरी पुलिस विभाग में दिनांक 07.06.1988 को आरक्षक के पद पर भर्ती हुये, दिनांक 19.07.2014 को आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत हुये एवं दिनांक 13.07.2026 को प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुये। सेवानिवृत्त सउनि0 शफीक अहमद गौरी अपने सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान जिला बल गुना एवं अशोकनगर में पदस्थ रहें है।



जिला शिक्षाधिकारी अपने ही आदेश का पालन नहीं करा पा रहीं

आज तक नहीं हुए शिक्षकों के अटैचमेंट समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शिक्षा विभाग में पदस्थ शिक्षक जहां उनकी नियुक्ति है वहां कार्य न करते हुए या तो अन्य विद्यालयों में कार्य कर रहे हैं या फिर तहसील, निर्वाचन या एसडीएम जैसे कार्यालय में अटैच चल रहे हैं। जबकि स्वयं जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने 14 जुलाई को आदेश जारी किया था कि संयुक्त संचालक लोक शिक्षण विभाग के आदेश के क्रम में उन्हें मूल संस्था की ओर कार्यमुक्त किया जाता है, जिसमें 11 शिक्षकों की सूची जारी की गई थी। लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी आज दिनांक तक अपने ही आदेश का पालन नहीं करा पाई हैं। शिक्षक आज भी जहां अटैच चल रहे थे वहीं कार्य कर रहे हैं।

जुलाई माह का वेतन क्या काटा जाएगा

जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने आदेश में यह भी कहा था कि यदि वह अपनी मूल संस्था में पदस्थ नहीं हुए तो उन्हें जुलाई माह का वेतन प्रदान नहीं किया जाएगा, लेकिन जुलाई का महीना व्यतीत हो गया है, लेकिन क्या जुलाई महीने का वेतन प्रदान किया जाएगा यह संसय आज भी बना हुआ है। सवाल सबसे बड़ा यह है कि शासन ने सभी शिक्षिकों की ऑनलाईन हाजिरी आवश्यक कर दी है, फिर उनकी हाजिरी कैसे लग रही है, क्या मूल संस्था में पदस्थ हैं या फिर अटैचमेंट करके रखा है वहां से हाजिरी लग रही है। इसमें भी गड़बड़ झाला है। यह तो मान लिया कि जो शिक्षक स्कूल नहीं जा रहे हैं और उनकी ऑनलाईन हाजिरी अगर नहीं लग रही है तो वहां तक ठीक है लेकिन जिन शिक्षकों का मूल पद जिस संस्था में हैं और अटैच मेंट कई और है तो उनकी हाजिरी कैसे लग रही है। यह बड़ा सवाल जांच का विषय है।

जिले के हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलों में एक भी स्थायी प्राचार्य नहीं



जिले के 101 हाई स्कूल और हायर सेकेण्ड्री स्कूलों में एक भी प्राचार्य स्थायी नहीं है सभी प्राचार्य के पद प्रभार पर चल रहे हैं। इन प्रभारी प्राचार्यों को भी उस समय के तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारियों ने अपने हित साधकर उन्हें संस्थाओं में प्रभारी प्राचार्य बनाकर भेज दिया है। तब से वह आज तक अटैचमेंट का लाभ ले रहे हैं।

सीनियर शिक्षकों की जा रही है उपेक्षा

जो शिक्षक उनसे अधिक सीनियर है या योग्य हैं उन शिक्षकों को योग्यता होने के बाद भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। सवाल यह है कि जो शिक्षक अटैच होकर संस्था में प्रमुख बने हैं ऐसी उनके अंदर क्या खासियत है कि उन्हें प्रभार देकर रखा गया है।

कई जगह एक ही शिक्षक पर एक से अधिक प्रभार

आप नईसरायं को ही देखिए वहां भी ओमप्रकाश जी को हायर सेकेण्ड्री के साथ साथ बीईओ का प्रभार भी दे रखा है, एक साथ उन पर कई प्रभार हैं। इसी प्रकार मुंगावली में श्यामबिहारी शर्मा को भी कई अधिकार सौंपकर रखे गए हैं। ऐसी स्थिति में जिले में न तो जिला शिक्षा अधिकारी अटैचमेंट समाप्त करा पाई हैं और न ही उन्हें अपनी मूल संस्था में भेजा गया है।

इनका कहना है...

जिले में शिक्षकों के अटैचमेंट को समाप्त करने के लिए आदेश जारी किया गया था। यदि शिक्षक अपनी मूल संस्थाओं में नहीं पहुंचे हैं तो इस संबंध में जिले के सभी बीईओ से जानकारी ली जा रही है।

मधु शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी अशोकनगर।

पवित्र श्रावण का संपत शनिवार पंचमुखी हनुमान मंदिर पर मनाया गया

अशोकनगर। यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा 1 अगस्त को पवित्र श्रावण का संपत शनिवार मनाया गया। श्री पंचमुखी हनुमान जी महाराज का पूजन किया गया। पुराणों के अनुसार भगवान शिव शंकर को श्रावण माह परम पवित्र महीना है। उन्होंने बताया कि आषाढ़ माह की देवशयनी एकादशी को भगवान विष्णु जी योग निद्रा में चले जाते हैं तब पूरी सृष्टि का भार भगवान भोलेनाथ के ऊपर आ जाता है। तब भगवान भोलेनाथ ही इस सृष्टि का भरण पोषण करते हैं। इसीलिए सभी ऋषि मुनि भगवान की आराधना करते हैं भजन कीर्तन करते हैं ध्यान मग्न होते हैं और भोलेनाथ बहुत जल्दी प्रार्थना सुनते हैं। पंचमुखी हनुमान मंदिर पर पीपल और समी वृक्ष का पूजन विशेष करके महिलाओं ने किया भगवान शिव शंकर का अभिषेक किया। आज दो नारियल के वृक्ष का रोपण किया गया उनको विधिवत खाद पानी डालकर सुरक्षित जगह पर लगा दिए गए हैं।



ओपीडी, लेबर रूम, ओटी, डायलिसिस यूनिट व आईसीयू वार्ड का अवलोकन किया

राज्य मंत्री टेटवाल ने सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया, स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

प्रदेश के राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने शुक्रवार को सिविल अस्पताल सारंगपुर का निरीक्षण कर अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, लेबर रूम, ओटी, डायलिसिस यूनिट एवं आईसीयू वार्ड का अवलोकन किया तथा भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी ली। मरीजों से अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के संबंध में भी फीडबैक लिया। निरीक्षण के बाद मंत्री डॉ. टेटवाल ने अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्टाफ की बैठक लेकर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। बैठक में सिविल अस्पताल के चिकित्सकों ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं एवं कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान डॉ. अंकुर देशवाली ने बताया कि उनकी टीम द्वारा 31 जुलाई को 13 सफल ऑपरेशन किए गए। वहीं डॉ. सरिता यादव ने अस्पताल में संचालित सिजेरियन कक्ष एवं सोनोग्राफी सेवाओं की जानकारी मंत्री को दी। वही मंत्री टेटवाल ने सीबीएमओ डॉ. एन. भीलवारे सहित सभी चिकित्सकों को मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने, समय पर ड्यूटी करने तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टाफ की समस्याओं की भी जानकारी लेकर आवश्यक समाधान का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता निर्मल जैन,विष्णु पाटीदार सहित अस्पताल के चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मचारी एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

हर घर तिरंगा' अभियान की प्रदेश स्तरीय टीम में सह-संयोजक बने मंत्री टेटवाल

भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा आगामी हर घर तिरंगा अभियान (9 से 15 अगस्त) के सफल संचालन के लिए प्रदेश स्तरीय टीम का गठन किया गया है। इस टीम में मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री तथा सारंगपुर विधायक डॉ. गौतम टेटवाल को सह-संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. टेटवाल की नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह दायित्व डॉ. टेटवाल के नेतृत्व, संगठन क्षमता एवं राष्ट्रसेवा के प्रति उनके समर्पण का सम्मान है। विश्वास व्यक्त किया गया कि उनके कुशल मार्गदर्शन में ष्हर घर तिरंगाष् अभियान प्रदेशभर में व्यापक जनभागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संचालित होगा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, सांसद रोडमल नागर सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. टेटवाल को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अभियान की सफलता की कामना की।

पौधरोपण व कन्या पूजन कार्यक्रम भी संपन्न हुए

विधायक तीन ग्रामों में वितरित की निशुल्क साइकिलें, छात्राओं से पूछे सामान्य ज्ञान के सवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोहन शर्मा ने शनिवार को ग्राम मुंडला बारोल, लश्करपुर एवं कोटरा में आयोजित कार्यक्रमों में छात्राओं को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया। इस दौरान पौधरोपण एवं कन्या पूजन कार्यक्रम भी संपन्न हुए। कार्यक्रम के तहत ग्राम मुंडला बारोल हाईस्कूल में 42, लशकरपुर हायर सेकंडरी स्कूल में 73 तथा कोटरा हाईस्कूल में 48 छात्राओं को निशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। ग्राम मुंडला बारोल के हाईस्कूल परिसर में विधायक मोहन शर्मा ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे। उन्होंने छात्रों से मध्य प्रदेश के जिलों की संख्या तथा 9 का पहाड़ा पूछा। विद्यार्थियों द्वारा सही उत्तर दिए जाने पर उन्होंने शिक्षकों की शिक्षण व्यवस्था की सराहना की।

विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। इस शिक्षा सत्र में नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगभग 2,000 छात्राओं को निशुल्क साइकिलें वितरित की गई हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 से पहले ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी, लेकिन पिछले वर्षों में गांवों में हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी विद्यालयों का विस्तार हुआ है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को भी शिक्षा के बेहतर अवसर मिल रहे हैं।उन्होंने कहा कि सरकार विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य-पुस्तकों, छात्रवृत्ति एवं अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ उपलब्ध करा रही है। साथ ही अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील भी की।

कार्यक्रम को जिला भाजपा उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर मीणा, जिला मंत्री सत्येंद्र बना, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र बना एवं डॉ. दिनेश मंडलोई सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर महामंत्री रूप सिंह, गुड्डु जाटव, रामेश्वर नायक, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश दांगी, गंगाप्रसाद चैधरी, ज्वाला प्रसाद बुंदेला, जिला सलाहकार समिति सदस्य दिनेश मीणा, कमल सिंह नागर, बसंत नागर, संजय नागर, विजय यादव, अशोक मीणा, सरपंच राजू नागर, रामदयाल राजपूत, जनपद सदस्य रघुनंदन शर्मा, सुनील डोब्बल, नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी, एम.एल. पंथी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दिनेश गवली, बीआरसी सुरेंद्र सिंह भदौरिया, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत हितग्राही के परिजन को बैंक ऑफ बड़ौदा ने दिया 2 लाख का चेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा ब्यावरा द्वारा एक पात्र हितग्राही के परिवार को 2 लाख की बीमा राशि का भुगतान किया है। शाखा प्रबंधक प्रतीक साहू ने बताया कि स्वर्गीय राममूर्ति बाई पति भगवान सिंह निवासी ग्राम खेड़ी पोस्ट कालीपीठ तहसील राजगढ़ के निधन के उपरांत योजना के तहत नामांकित व्यक्ति सोनू लववंशी को 2 लाख रुपये का डेथ क्लेम प्रदान किया गया।

बैंक से हर व्यक्ति को लेना चाहिए बीमा

हितग्राही के पुत्र सोनू लववंषी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बैंक से हर व्यक्ति को बीमा करवाना चाहिए। इस योजना के अंतर्गत बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर नामांकित व्यक्ति को 2 लाख की बीमा सहायता प्रदान की जाती है। यह योजना आम नागरिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।इस अवसर पर शाखा प्रबंधक प्रतीक साहू, स्टाफ सदस्य दिनेश कुमार वर्मा, जयंत लोखंडे, सत्यनारायण दांगी, पुनीत कुमार, पवन जायसवाल, सुपरवाइजर शंशाक दुबे,बैंक मित्र दीपक प्रजापति उपस्थित रहे।सभी अधिकारियों ने हितग्राही परिवार को बीमा राशि का चेकभुगतान सौंपते हुए योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाने का संदेश दिया। परिवारजनों ने बैंक ऑफ बड़ौदा एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुझे बैंक मित्र ने किया प्रेरित

नामांकित हुए सोनू ने बताया कि मैं करीब तीन साल पहले कालीपीठ में संचालित बैंक ऑफ बड़ौदा के ग्राहक सेवा केन्द्र पर मेरी माताजी को लेकर खाता खुलवाने गया था। जहा पर मुझे बैंक मित्र दीपक प्रजापति ने खाता खोलते समय माताजी का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति और सुरक्षा बीमा लेने के लिए प्रेरित किया था, मेरे द्वारा उनकी बात मानते हुए माता की का बीमा लिया था। इसके बाद मेरी मां की एक बीमारी हो जाने के कारण मृत्यु हो गई। बैंक ने मुझे शाखा ब्यावरा में बुलाकर उक्त सहायता राशि प्रदान की।

राजगढ़ में सड़कों की दुर्दशा पर नपा को कर्तव्य याद दिलाने को उठाया कदम, गांधीवादी तरीके से इंकाइयों ने भरे सड़कों के गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मुख्यालय की कई सड़कों को रिपयरिंग और मेंटनेन्स का इंतेजार है। मेन मार्केट सहित विभिन्न वार्डों के आंतरिक मार्गों की हालत इतनी खस्ता है कि आमजन को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय रहवासियों द्वारा कई बार नगर पालिका दफ्तर एवं वार्ड पार्षदों को अवगत कराने के बाद भी जब समस्या का समाधान नहीं हुआ तो शुक्रवार रात्रि शहर कांग्रेस पदाधिकारियों ने गांधीवादी तरीका अपनाते हुए स्वयं सड़कों के गड्ढों की रिपयरिंग शुरू कर दी।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष नयन विजयवर्गीय के नेतृत्व में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मेन मार्केट में अनेकों स्थानों सीमेंट, कांक्रीट और कारीगर के औजारों से गड्ढों की भराई आरंभ कर दी। पार्टी का मकसद नगर पालिका को गांधीवादी तरीके से उसके कर्तव्य याद दिलाना था। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर इंकाजनों ने नपा परिषद के खिलाफ





जमकर नारेबाजी भी की।

तीनों इंका पार्षदों ने भी जताया विरोध

इस दौरान नगर पालिका परिषद के तीनों कांग्रेसी पार्षदों विजयपाल भाटी, कमाल खान, मोहित तंवर ने भी सड़कों की बदहाली पर अपना विरोध जाहिर किया। तीनों पार्षदों ने गड्ढेनुमा सड़कों में रेत, गिट्टी, सीमेंट डालकर उनको रिपेयर किया।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अशोक वर्मा, पार्षद कमाल खान, मोहित तंवर, विजयपाल भाटी, बबलू दुबे, श्याम दुबे बिट्टा, राजेंद्र पुष्पद, आशीष सातालकर, एहतेशाम हसन सिद्धकी, पूर्व नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि अरशद मंसूरी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष जगमोहन वर्मा, सेराज खान सहित शहर कांग्रेस और जिला कांग्रेस के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इन मार्गों की हालत बेहद दयनीय

मेन रोड पर गणेश चैक से लेकर तुल्ली चैक की सड़क पर अनेकों स्थानों पर गहरे गड्ढे हो चुके हैं। कई बाईक सवार इन गड्ढों के चलते दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। इसके साथ ही राजेश्वर कान्वेंट स्कूल की सड़के के ऊपर वाली सड़क बहुत ज्यादा डिस्मेंटल हो चुकी है। पुरा क्षेत्र में कई जगहों पर मुख्य मार्ग गड्ढों से पटा पड़ा है। बैंक ऑफ इंडिया के समीप से पंचोली जी की गली से लेकर महाराणा प्रताप मार्ग की हालत भी बहुत ज्यादा ठीक नहीं है। इस मार्ग पर करीब आधा दर्जन से अधिक स्पीड ब्रेकर भी सड़क निर्माण के समय बनवा दिए गए जिनके चलते बाईक सवार अब इस मार्ग को बहुत कम चुनते हैं।

ठोकरें खा रहा गोवंश, हादसों का खतरा

कलेक्टर के आदेशों के बावजूद नहीं हो रही प्रभावी कार्रवाई



सारंगपुर। क्षेत्र में आवारा गौवंश की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। बारिश का मौसम शुरू होते ही कई ग्रामीण अपने गोवंश को खुला छोड़ देते हैं। सुरक्षित और सूखी जगह की तलाश में ये मवेशी राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों सहित मुख्य सड़कों पर पहुंच जाते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। कई बार गोवंश वाहनों की चपेट में आकर घायल हो जाता है, वहीं वाहन चालकों की जान भी जोखिम में पड़ जाती है। शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ी संख्या में गोवंश खुलेआम घूमता दिखाई दिया। सड़क के बीचों-बीच विचरण करते मवेशियों के कारण वाहन चालकों को रफ्तार धीमी करनी पड़ी और दुर्घटना की आशंका बनी रही। इसी दौरान हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से एक गोवंश गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलने पर गोभक्त मौके पर पहुंचे और तत्काल पशु चिकित्सक को बुलाकर घायल गोवंश का उपचार कराया। हालांकि खबर लिखे जाने तक गोवंश की हालत गंभीर बनी हुई थी।स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान यह समस्या और अधिक बढ़ जाती है, क्योंकि खुले में छोड़े गए मवेशी ऊंचे और सूखे स्थानों की तलाश में सड़कों का रुख कर लेते हैं। इससे आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं।

गौरतलब है कि हाल ही में राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने निर्देश जारी किए थे कि सड़कों पर कहीं भी गौवंश दिखाई नहीं देना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि यदि सड़क पर आवारा गौवंश पाया जाता है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत, नगर पालिका अथवा नगर परिषद की होगी। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर आदेशों का असर दिखाई नहीं दे रहा है। गौभक्तों और वाहन चालकों ने प्रशासन से मांग की है कि गौशालाओं की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए, खुले में गौवंश छोड़ने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए तथा संबंधित निकायों की जवाबदेही तय कर नियमित अभियान चलाया जाए, ताकि मूक पशुओं की जान बचाई जा सके और सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

मुख्यालय पर तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

आज नाईजीरियन टीम से भिड़ेगी आष्टा की टीम



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

न्यू स्टार क्लब के तत्वावधान में शनिवार से कलेक्टेट ग्राउण्ड पर तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आगाज हुआ है। श्री गोकुल प्रसाद त्रिपाठीजी की स्मृति में आरंभ हुआ इस ग्रांड टूर्नामेंट में कुल 12 टीमें शामिल हुई हैं जिनमें भोपाल के नाईजिरियन छात्रों की टीम भी शामिल है। आज रविवार को इस टीम का मैच ग्राउण्ड पर होगा। टूर्नामेंट में राजगढ़, ब्यावरा समेत इंदौर, सिरोंज, आष्टा, खिलचीपुर, राघोगढ़, सुठालिया की टीमों ने भी पार्टिसिपेट किया है। कल 3 अगस्त को फाइनल मैच खेला जाएगा एवं विजेता टीम को 21 हजार रुपए एवं ट्रॉफी एवं उप-विजेता टीम को 11 हजार रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

ये टीमें विजेता रहीं

पहले दिवस कुल चार मैच खेले गए। पहला मैच जेसीएस राजगढ़ और राघोगढ़ के बीच खेला गया जिसे जेसीएस ने जीत लिया। दूसरा मैच सिरोंज एवं ब्यावरा की टीम के बीच खेला गया जिसे ब्यावरा टीम विजेता रही। तीसरा मैच न्यू स्टार राजगढ़(बी) और खिलचीपुर टीम के बीच खेला गया जिसमें खिलचीपुर की टीम विजेता रही। क्वार्टर फाईनल ब्यावरा और जेसीएस राजगढ़ के बीच हुए मुकाबले में विजेता रही। टूर्नामेंट के दूसरे दिवस आज भोपाल के नाईजीरियन छात्रों की टीम का मुकाबला आष्टा की टीम से होगा।

यात्री वाहनों में मिली कमियों पर कार्रवाई

सड़कों पर उतरी आरटीओ टीम, वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

हाईवे सहित अन्य आंतरिक मार्गों पर यात्री वाहनों में कई तरह की कमियों की शिकायतों के बाद आरटीओ विभाग ने कार्यवाहियां शुरू की हैं। इसी कडी में जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेंद्र वैश्य के निर्देशन में बनाई गई टीमों ने राजगढ़-ब्यावरा मार्ग एवं राजगढ़-खुजनेर मार्ग पर यात्री वाहनों को चेक किया। इस दौरान कुछ बसों में फस्ट एड बॉक्स नहीं मिला तो कुछ बसों में खिड़कियों के कांच टूटे पाए गए। इसके साथ ही अन्य कमियां भी मिलीं। क्षेत्रीय परिवहन निरीक्षक प्राची शर्मा ने बताया कि चेकिंग के दौरान कई बसों में विभिन्न तरह की कमियां मिलने पर उन पर चालानी कार्रवाई करते हुए 30 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया है।



जुर्माने के साथ ही वाहन चालकों यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए परिवहन विभाग के नियमों के अनुरूप वाहनों का संचालन करने की समझाइश दी गई। आगे से कमियां पाए जाने पर बसों पर अन्य कड़ी कार्रवाई की जाएंगी।

कालीपीठ मार्ग पर भी कार्रवाई की दरकार: विभाग ने भले ही कार्रवाई की हैं लेकिन वे अभी भी नाकाफी हैं। जिले के अनेक आंतरिक मार्गो पर नियमों का उल्लंघन करते वाहनों का संचालन किया जा रहा है। अगर बात मुख्यालय से कालीपीठ मार्ग की करें तो यहां यात्री बसों की संख्या बेहद कम है। ऐसे में तंवरवाड़ क्षेत्र के करीब 50 से अधिक ग्रामों के ग्रामीण ऑटो में ठूंस-ठूंसकर भराकर सफर करते हैं। यहां भी कार्रवाई की आवश्यकता है।

ठूंस-ठूंसकर भरी थी 48 भैंसे, गोसेवकों ने पकड़ा ट्रक



राजगढ़। क्षेत्र में गोवंश के परिवहन के मामले अक्सर सामने आ रहे हैं। इसी तरह के मामले में राजगढ़-खिलचीपुर रोड पर भैंसों से भरे एक ट्रक के जाने की सूचना मां जालपा गौशाला एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को मिली। इस पर रात्रि में सभी हाईवे पर एकत्रित हो गए। सामने से ट्रक आने पर उसे रुकवाने की कोशिश की गई लेकिन ट्रक चालक तेज रफ्तार में खिलचीपुर तरफ ट्रक ले भागा। युवा टीम ने ट्रक का पीछा किया और खिलचीपुर के आगे जीरापुर रोड पर पर आखिरकार ट्रक को रुकवा ही लिया। बाद में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में जब ट्रक को चेक किया गया तो उसमें 48 भैंसे ठूंस-ठूंसकर भरी हुई मिली। ये सभी भैंसे कटवाने के लिए ले जाई जा रही थीं। बाद में ट्रक को थाने ले जाया गया जहां विधि सम्मत कार्यवाही की गई। इस कार्य में मां जालपा गौशाला अध्यक्ष चेतराम गुर्जर, राधेश्याम, शक्ति, कालूदेव, कुलदीप, वैभव, अभिषेक, सुनील, गोपाल, राजू, रामबाबू मकवाना, हरिओम, महेश, राहुल सहित अन्य का विशेष योगदान रहा।

शिकायत के बाद भाजपा नेताओं ने रुकवाया कार्य, मानकों से निर्माण की मांग

सड़क किनारे बना रहे नई नाली पर विवाद, ग्रामीणों का घटिया निर्माण का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

केंद्रीय सड़क निधि से स्वीकृत मऊ, पड़ाना, तलेन सड़क मार्ग पर लोक निर्माण विभाग की देखरेख में कोडेक कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सड़क एवं नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है। हालांकि नाली निर्माण की गुणवत्ता और निर्माण पद्धति को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा है तथा इसमें घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार कई स्थानों पर पुरानी नाली को छोड़कर सड़क के समीप आड़ी-तिरछी नई नाली बनाई जा रही है, जिससे सड़क की चैड़ाई कम हो गई है और आवागमन में परेशानी बढ़ रही है। उनका कहना है कि लगभग 25 वर्ष पुरानी नाली को व्यवस्थित करने के बजाय उसके आगे नई



नाली बना दी गई, जिससे दुकानों के सामने फिर अतिक्रमण बढ़ने लगा है।

शिकायत मिलने पर भाजपा जिला मंत्री मनोहर सिंह परमार सहित भाजपाइयों ने शनिवार को ग्रामीणों के साथ आसारेटादृतलेन चैराहे पर पहुंचे और निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आसारेटादृतलेन चैराहे से सदर बाजार, गांधी चैक और बस स्टैंड तक कई स्थानों पर मानकों के विपरीत नाली निर्माण किया गया है। उनका कहना है कि बारिश के दौरान नालियों का पानी सड़क पर बहता है। वहीं इब्राहिम खां मंसूरी के मकान के सामने बिजली के पोल को बचाने के लिए नाली को आड़ी-तिरछी बना दिया गया।इस दौरान भाजपा नेताओं ने घटिया निर्माण कार्य को रुकवा दिया। वहीं स्थानीय रहवासियों का कहना है कि उन्होंने निर्माण कार्य रुकवाने की मांग नहीं की है। मांग है कि दोनों ओर पुरानी नाली की जगह पर ही बिना किसी भेदभाव के मानकों के अनुरूप नाली का निर्माण कराया जाए।

इनका कहना है

ग्रामीणों की शिकायत पर नाली निर्माण कार्य अभी रुकवाया गया है ग्रामीण एवं राजस्व अधिकारियों से चर्चा कर पुनः मानकों के अनुरूप कार्य शुरू करवाया जाएगा।

-अक्षय महाजन
एसडीओ पीडब्ल्यूडी सारंगपुर।